# बदहाल सड़कें बनी जी का जंजाल

## खस्ताहाल सड़क क्षेत्र में विकास के दावों की पोल खोलती दिखाई दे रही

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, सिरोंज की बासौदा नाका पेट्रोल पंप से नहर की पुलिया के बीच की बदहाल सड़क लोगों के लिये जी का जंजाल साबित हो रही है. यह खस्ताहाल सड़क क्षेत्र में विकास के दावों की पोल खोलती दिखाई दे रही है. प्रतिदिन इस सड़क पर बड़ी तादाद में लोगों का विदिशा, बासौदा सहित कई ग्रामों की ओर आना जाना लगा रहता है. बावजूद इसके इस सड़क की हालत देखने लायक है. क्षेत्र की यह जर्जर सड़क लोगों के लिए मुसीबत बन गई हैं.**

क्षेत्र के कई प्रमुख मार्ग की स्थिति अत्यंत दयनीय है. इन खस्ताहाल मार्ग पर हो रहे गड्डे नागरिकों एवं वाहन चालकों के लिये मुसीबत बन रहे है. इन जर्जर मार्गो पर कई बार नागरिक एवं वाहन चालक दुर्घटना का शिकार भी हो जाते हैं. वही बारिश के मौसम में इन खस्ताहाल मार्ग के गड्डों में भरा पानी लोगों की परेशानी का सबब बन जाता है. इन खस्ताहाल मार्ग के आसपास रहने वाले लोगों एवं दुकानदारों को भी खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है. लेकिन इन बदहाल मार्ग की स्थिति में सुधार की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. सिरोंज के बासौदा रोड नहर की पुलिया से पेट्रोल पंप तक के मार्ग की हालात देखने लायक है. इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ो की तादाद में विदिशा एवं बासौदा के साथ ही कई ग्रामों के लिए वाहनों का आना जाना लगा रहता है. इस प्रमुख मार्ग पर हो रहे गहरे गड्डों से लोगों को इस मार्ग पर गुजरने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है. इस मार्ग की जर्जर हालात से आसपास के दुकानदारों एवं नागरिकों को काफी परेशानी होती है. कई बार वाहन चालक भी दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं. वही बारिश के मौसम में मार्ग के गड्डों में पानी भरा जाता है. तो कई बार बारिश में मार्ग के गड्डों का पानी वाहन से उछलकर लोगों पर आ जाता है. लोग कई बार इस मार्ग में सुधार की मांग कर चुके हैं.



### जनपद तिराहा से पुराना बस स्टैंड तक की सड़क पर नहीं हुआ डामरीकरण

शहर में स्थानीय पुराना बस स्टैंड सुभान भाई के तिराहा से जनपद कार्यालय के सामने तक सड़क पर डामरीकरण का कार्य नहीं हो सका है. नगरपालिका द्वारा शहर में स्थानीय पुराना बस स्टैंड सुभान भाई के तिराहा से बड़ तिराहा तक मुख्य बाजार में सड़क पर डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है. इस सड़क के काफी हिस्से में तो डामरीकरण का कार्य हो चुका है. लेकिन बीते कई महीनों से पुराना बस स्टैंड सुभान भाई के तिराहा से जनपद कार्यालय के सामने तक सड़क पर डामरीकरण का कार्य नहीं हो सका है. जिससे इस सड़क के मार्ग में कई जगह गड्डे हो गये हैं. जो राहगीरों एवं रहवासियों की परेशानी का सबब बने हुए है.

## बीएलओ को दी जान से मारने की धमकी

**श्यामपुर.** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे ग्राम रामपलासी के बीएलओ को गांव के एक युवक ने गाली- गलौच करते हुए धमकाया और जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है. ग्राम रामपलासी के प्राथमिक शाला के शिक्षक सुनील राय बूथ लेबल आफिसर हैं. वह मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे हैं. बताया जाता है किगत दिवस वह अपने स्कूल में मतदाता सूची के संबंध में काम कर रहे थे तभी कमरे में गांव का विजय आ. सूरज सिंह आ धमका और बीएलओ सुनील राय के साथ गाली-गलौच करते हुए धमकी दी गई कि गांव में दिखा तो जान से मार दूंगा. पीड़ित बीएलओ सुनील राय का कहना है कि एसआईआर सर्वे के लिए उसे लगातार गांव में जाना पड़ता है. ऐसे में उसकी जान को खतरा है. श्यामपुर पुलिस ने बीएलओ की शिकायत पर आरोपी युवक विजय के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

# दोस्तों की मौत की सवारी बनी बेकाबू कार

**गुना के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भिलेरा का मामला**

**3 युवा वेटनरी डॉक्टर्स की मौत और 4 अन्य घायल**

नवभारत न्यूज

**गुना।** खुशियों भरा शादी समारोह मातम में बदल गया। दोस्ती की वह रात तीन परिवारों के लिए कभी न खत्म होने वाले सदमे में सिमट गई। गुना जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम भिलेरा के पास बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात एक भयंकर सडक़ हादसा हुआ, जिसने 3 युवा वेटनरी डॉक्टर्स की जान ले ली, जबकि 4 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

**भीषणता की हद: इतनी तेज थी कार की टक्कर कि 12-पहिया ट्रक पलट गया!**

हादसा रात करीब 2 बजे हुआ, जब अपने दोस्त की शादी से लौट रहे वेटनरी डॉक्टर्स की तेज रफ्तार कार गुना की तरफ से आ रहे एक विशाल ट्रक से टकरा गई। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस सूत्रों के मुताबिक, यह टक्कर इतनी भीषण और ज़ोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह से चकनाचूर हो गया—उसके परखच्चे उड़ गए। इस दौरान कार टक्कर के बाद लगभग 50 फुट दूर जा गिरी। वहीं, टक्कर की गति इतनी भयानक थी कि सामने से आ रहे लगभग 12-पहिया वाला ट्रक नियंत्रण खोकर, सडक़ पर पूरी तरह से घूम कर पलट गया। सडक़ पर चारों तरफ बिखरा मलबा हादसे की भयावहता की कहानी कह रहा था। हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। रात के अंधेरे और सन्नाटे में घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। देर रात होने के कारण रोड पर आवागमन नहीं था, जिससे घायल काफी देर तक दर्द से कराहते हुए मौके पर पड़े रहे।

एक राहगीर बना देवदूत, घंटों की

**मशक्कत के बाद निकाला गया शवों को**

काफी देर बाद एक राहगीर उधर से निकला, जिसने मंजर देखते ही तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जिसके बाद घंटों की भारी मशक्कत के बाद कार के मलबे से घायल और मृतकों को बाहर निकाला जा सका।



### मृतक और घायल


आकाश पिता राजू चौरसिया (निवासी मेहगांव, भिंड) नमोनारायण मीना (निवासी श्योपुर) मनीष कुमार जाटव (निवासी चांचौड़ा, गुना)गंभीर घायल (भोपाल रेफर)योगेश करोलिया पिता प्रेमचंद्र (निवासी व्हीआईपी कॉलोनी गुना)पारस करोलिया पिता होतम करोलिया (निवासी नेहरू नगर, भोपाल)अन्य घायल सूरज जाटव पिता रमेश जाटव (निवासी आरोन) अजय शाक्य पिता निरंजन शाक्य (निवासी मुरैना)

# 55 कैमरों की मदद से होगी बाघों की गणना

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 नवंबर. रातापानी टाइगर रिजर्व में दूसरे चरण की बाघों की गणना शुरू हो गई। सीहोर क्षेत्र में करीब 55 कैमरों की मदद से बाघों की ट्रैपिंग की जाएगी। जिले में 35 से ज्यादा बाघ होने का अनुमान है। बाघों की गणना के दौरान जिले के वन क्षेत्र में 5 स्थानों पर बाघिन के साथ शावक भी नजर आए हैं.**

गौरतलब है कि रातापानी सहित सीहोर, भोपाल और रायसेन की कुल 172 बीटों में करीब 350 से ज्यादा कैमरे लगाए जा चुके हैं. रातापानी में 85 कैमरों के साथ-साथ सीहोर के वन क्षेत्र में 55 कैमरे लगाए गए हैं. इस गणना की खास बात यह है कि पहली बार विशेष एप का उपयोग किया जा रहा है. इस विशेष एप एम-स्ट्राइप इकोलॉजिकल के जरिए बाघों का फिजिकल वैरिफिकेशन हो रहा है. एप में बीटगार्ड नेचर ट्रेल और ट्रांजिट लाइन पर पैदल चलकर मौके पर मिले बाघों के मल, खरोंच, पगमार्क, शिकार के अवशेष एप में फीड करेंगे. इसके साथ ही मौके की जीपीएस लोकेशन व फोटो भी रियल-टाइम में अपलोड होंगे. इससे डेटा सीधे डब्ल्यूआईआई (वाइल्डलाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया) तक पहुंचाया जाएगा.



## एचपीवी के बचाव की दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**टीकमगढ़।** जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ केएम वरूण ने प्रशिक्षण में उपस्थित प्रतिभागियों को जानकारी देते हुए बताया कि एचपीवी वैक्सीन एक महत्वपूर्ण टीका है। यह टीका हूमन पेपीलोमा वायरस एचपीवी से बचाव करता है। एचपीवी वायरस गर्भाशय ग्रीवा गले एवं मुख के विभिन्न प्रकार के कैंसर होने के लिए जिम्मेदार होता है। इस टीका के लगने से इस प्रकार के होने बाले कैंसर से बचाव करने में मददगार साबित होगा। यह टीका 14 बर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी किशोरियों को 15 बर्ष तीन माह तक की आयु में सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगाया जायेगा।

# मालिक ने दी ड्राइवर की हत्या की सुपारी

## पुलिस ने हत्या के मुख्य आरोपी सहित आठ को पकड़ा

नवभारत न्यूज

**सागर 20 नवम्बर. केंट थाना अंतर्गत कार चालक की हत्या के आरोपी कार के मालिक सहित 8 को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. घटना में कार मालिक ने ड्राईवर की हत्या की सुपारी अपने साले के साथ मिलकर 50 हजार रुपए में दी गई थी.**

केंट थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 नवम्बर को मोतीनगर थाना क्षेत्र के सूबेदार वार्ड निवासी संतोष साहू ने दर्ज कराई थी कि उसका भाई दीपचंद साहू जो कि मुकेश खटीक निवासी विवेकानंद वार्ड की कार चलाता था घटना दिनांक को भगवानगंज स्थित सर्विसिंग सेंटर पर दीपचंद की अज्ञात आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में ले लिया था. पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान घटना स्थल के आसपास के क्षेत्रों में 500 से अधिक सीसीटीव्ही फुटैज खंगाले और मुख्य षड्यंत्रकर्ता की पहचान वाहन अनिल खटीक निवासी विवेकानंद वार्ड को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने स्वीकार किया कि उसके द्वारा मुहबोले रिश्तेदार सुरेंद्र को मृतक दीपचंद की फोटो दिखाकर 50 हजार रुपए की सुपारी देने की बात की थी.



## युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** ग्यारसपुर एवं आसपास के क्षेत्र के 19 से 40 वर्ष के युवाओं के लिए रोजगार का बेहतरीन अवसर आया है. 21 नवंबर 2025, शुक्रवार को जनपद पंचायत ग्यारसपुर कार्यालय में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी. यह भर्ती भारत सरकार के पसार एक्ट 2005 के अंतर्गत मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स, एनडीआरएफ तथा भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जा रही है.वरिष्ठ भर्ती अधिकारी बृजमोहन कर्णावत (बेसरा) ने बताया कि सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा विदिशा जिले में 21 से 27 नवंबर तक सात दिवसीय भर्ती शिविर आयोजित किए जाएंगे.

## एक नजर में



### यार नगर में नए पर्यटन स्थल का शुभारंभ

**बुधनी.** प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर यारनगर क्षेत्र में नए पर्यटन स्थल 'यारनगर जंगल रिसोर्ट' का भव्य शुभारंभ किया गया. घने जंगल, पहाड़ी नदी और हरी-भरी वादियों के बीच विकसित इस टूरिस्ट स्पॉट का उद्घाटन मध्यप्रदेश सरकार के राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी (पर्यटन, संस्कृति एवं धर्म न्यास) ने किया.उद्घाटन कार्यक्रम में यारनगर जंगल रिसोर्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर अनुपम शर्मा, डायरेक्टर पुष्कर शर्मा, देवेंद्र शर्मा सहित शर्मा परिवार ने अतिथियों का स्वागत किया. समारोह में स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे.




### नशा मुक्त अभियान के तहत कार्यक्रम

**सागर.** शासकीय कन्या पीजी महाविद्यालय में रासेयो इकाई प्रथम कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सरिता जैन द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया. संस्था प्रमुख डॉ. आनंद तिवारी ने कहा कि आप सभी का नशा मुक्त समाज का निर्माण करने में एक साझा जिम्मेदारी है जैसे आप आगे निभाए. रासेयो प्रभारी डॉ. सरिता जैन ने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है लेकिन इसे खत्म किया जा सकता है. डॉ अलका पुष्पा ने कहा छात्राओं को नशा न करने के लिये प्रेरित करते हुए शपथ दिलाई. तबरेज मंसूरी ने कहा कि नशा मुक्ति एक अभियान हैं जो हमारे समाज को स्वस्थ और सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक है.

### मुनिसंघ का हुआ मंगल विहार बागरौद की ओर

विदिशा,संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागरजी महा मुनिराज के शिष्य मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज का ग्यारसपुर नगर में आगमन हुआ. मुनिसंघ ने यहां पर जिनालय के दर्शन किये. तत्पशचात मुनि श्री के मुखारविंद से शांतिधारा संपन्न हुई.प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया प्रात: अटारीखैजड़ा से मंगलविहार ग्यारसपुर की ओर हुआ मंगलविहार में भोपाल विदिशा एवं राहतगढ़ के भक्त पैदल विहार करा रहे थे .प्रात :कालीन बेला में अभिषेक एवं शांतीधारा मुनि श्री के मुखार विंद से संपन्न हुई,तत्पश्चात प्रथम सत्र का शंकासमाधान एवं आहार चर्या संपन्न हुई .तदुपरांत सामायिक कर मुनिसंघ का मंगलविहार बागरौद की ओर हुआ.

### तीन प्रकरणों में नगद इनाम की घोषणा

**विदिशा**, पुलिस अधीक्षक काशवानी के द्वारा जारी इनाम घोषणा आदेश में महिला थाना विदिशा के दर्ज अपराध का फरार आरोपी कुबेर सिंह पुत्र शम्भू सिंह लोधी निवासी ग्राम धामनोद थाना हैदरगढ, तथा थाना सिरोंज के दर्ज अपराध के फरार आरोपी गंभीर पुत्र उत्तम बागडी, कल्ला पुत्र फूल सिंह बागडी निवासीगण ग्राम मदागन थाना सिरोंज तथा शमशाबाद थाना में दर्ज अपराध के फरार अज्ञात आरोपी की सूचना देने वाले को दो-दो हजार रुपए की नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है.

## जयंती पर कार्यक्रम

**ललितपुर.** अधिवक्ता संवाद और मानव ऑर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में कचहरी चौराहे पर वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को दीपांजलि अर्पित की. कार्यक्रम के दौरान अधिवक्ताओं ने रानी लक्ष्मीबाई के राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया और उनकी वीरता की प्रशंसा की. एड. हरदयाल सिंह लोधी ने कहा कि वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का जीवन हम सबके लिए एक प्रेरणास्त्रोत है. इस दौरान मानव ऑर्गेनाइजेशन अध्यक्ष एड.पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, सुनील देवलिया, पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, महेंद्र पाराशर, शशिकांत राजपूत, शेरसिंह यादव आदि मौजूद थे.

# पर्यटकों को मिली हवाई सेवा

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 20 नवम्बर मध्य प्रदेश में बढ़ती पर्यटन संभावना को देखते हुए यह सेवा न केवल यात्रियों के समय की बचत करेगी बल्कि उन्हें अधिक सुरक्षित सुविधाजनक और किफायती फायदेमंद यात्रा अनुभव भी उपलब्ध कराएगी।**

मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा 3 सेक्टर में पीएम श्री हेलीकॉप्टर पर्यटन सेवा का संचालन किया जाएगा, इनमें पहला सेक्टर आध्यात्मिक सेक्टर होगा। इसके तहत उज्जैन ओंकारेश्वर के दर्शन हेतु मिनटों में किफायती किराए पर पीएम श्री हेलीकाप्टर सेवाएं का संचालन किया जा रहा है। दूसरा सेक्टर इको टूरिज्म सेक्टर है जिसमें भोपाल मढई पचमढ़ी तक पर्यटकों को हवाई सुविधा उपलब्ध कराना है इसके तहत भोपाल से मढई तक 40 मिनट की उड़ान का अनुमानित किराया 4000 तथा मढई से पचमढ़ी तक का 20 मिनट की उड़ान का किराया 3000 है इसकी अतिरिक्त भोपाल से पचमढ़ी के लिए 1 घंटे की सीधी उड़ान भी उपलब्ध रहेगी, जिसका किराया 5000 प्रति यात्री है।

### प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद - सांसद

राज्य सभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने पीएम श्री हेलीकाप्टर सेवाएं शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी के प्रयासों से भी यह हवाई सेवा उपलब्ध हो पाई है।



# मंडी में फिर नीलामी को लेकर हुआ हंगामा

नवभारत न्यूज

**विदिशा 20 नवम्बर, गुरूवार को मिर्जापुर स्थित गल्ला मंडी में एक बार फिर किसान और व्यापारियों की बीच टकराव के हालात बने गए. जहां अमावस्या पर व्यापारी नीलमी में हिस्सा नहीं लेते तो दूसरी तरफ बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच गए जहां पर नीलामी न होते देख किसानों ने हंगामा करते हुए चक्काजाम कर दिया.**

हगांमे की खबर मिलते ही प्रशासन और मंडी समिति के पदाधिकारियों न आपात बैठक बुलाई जिसके बाद मंडी में नीलामी की उपज शुरू हो सकी. गुरूवार को मंडी में सिर्फ धान की नीलामी हुई और करीब 500 से ज्यादा किसानों की धान को खरीदा गया. किसानों का आरोपी है कि जहां छह लाइनों की नीलामी रोज़ की जाती थी लेकिन आज अमावस्या की छुट्टी होने के कारण बुधवार को व्यापारियों द्वारा सिर्फ चार लाइनों की नीलामी की गयी और समय से पहले ही नीलामी बंद कर दी गई, किसानों ने मंडी समिति से बात की और मांग की कि बची हुई 80-90 ट्रालियों की खरीदी की जाए. किसानों का कहना था कि अभी बौनी का समय है खाद बीज खरीदना है, किसान कितने दिनों तक मंडी में पड़ा रहेगा.

आज सुबह 10 बजे तक का समय दिया गया था लेकिन जब आज सुबह 11 बजे तक भी कोई सुनवाई नहीं हुई तो किसानों ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनीत दांगी के नेतृत्व में आज फिर से चक्का जाम किया तब जाकर कलेक्टर के आदेश अनुसार अमावस्या के दिन भी खरीदी शुरू हो पाई. किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष विनीत दांगी का कहना है कि जब अमावस्या की छुट्टी थी और किसानों की उपज की नीलामी नहीं की जा रही थी.

# किसानों ने हाईवे पर लगाया जाम

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर /ब्यावरा 20 नवम्बर, सं खिलचीपुर स्थित मांडाखेड़ा जोड़ के यहां बिजली नहीं मिलने की समस्या को लेकर गुरुवार की दोपहर को हाईवे पर जाम लगा दिया गया. लगभग 50 गांवों के किसान बिजली समस्या को लेकर यहां एकत्रित हुए. करीब एक घंटे तक जाम रहा.**

एक बार फिर गुरुवार को बिजली संकट को लेकर आक्रोश देखा गया. खिलचीपुर के सोमवारिया स्थित मांडाखेड़ा जोड़ के यहां हाईवे पर गुरुवार दोपहर लगभग 1.35 बजे जाम लगा दिया. बड़ी संख्या में यहां करीब 50 गांवों के किसान मौजूद रहे. किसान हाईवे पर बैठ गये और सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली न मिलने के विरोध में जमकर नारेबाजी करते हुए हाईवे जाम कर दिया.



**कभी बिजली तो कभी पानी की परेशानी-** विगत कुछ दिनों से जिले में कभी पर्याप्त बिजली नहीं मिलने तो कहीं पर पानी नहीं मिलने के कारण होने वाली परेशानी को लेकर आंदोलन, चक्काजाम कर आंदोलन का सिलसिला चल रहा है. बिजली और पानी नहीं मिलने से सिंचाई नहीं हो पा रही है. संबंधित विभाग के जिम्मेदारों को कई बार अवगत कराने के बाद भी जब समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है तो मजबूरन किसानों को आंदोलन करना पड़ रहा है.

## हिरन के बच्चे को वनविभाग को सौंपा

**पिपरिया** मुडियाखेडा में हिरन को कुत्तो द्वारा हमला करने का प्रयास करने पर लक्ष्मी प्रसाद पटेल ने बचाया। मुडियाखेडा के लक्ष्मी प्रसाद पटेल ने देखा की खेत में हिरन व उसके बच्चे को कुत्तो के द्वारा हमला करने का प्रयास किया जा रहा है तत्काल पहुंच कुत्तो को भगाया व ग्राम कोटवार को सूचना दी। कोटवार ने वनविभाग सूचना दी। परिक्षेत्र अधिकारी के निर्देश पर वनविभाग की टीम ने पहुंच मौक पंचनामा कार्रवाही कर वन में छोडने ले गये। ग्रामीणजनों हिरन के बच्चे को वनविभाग की टीम को सौपा.

**परेशानी** पलेरा नगर के वार्ड 10 के लोग हो रहे परेशान

# चेंबर के खुले गड्ढे दे रहे गंभीर हादसों को न्योता, लोगों की शिकायत

नवभारत न्यूज पलेरा।

**नगर परिषद की लचर कार्यप्रणाली से इन दिनों नागरिक परेशानी का सामना कर रहे है। कई वार नागरिकों द्वारा शिकायत करने के बावजूद भी समस्याओं का निराकरण ना होने से लोगों में अब आक्रोश व्याप्त है।जिसके चलते एक नया मामला सामने आया है जिसमें नगर में सीसी सड़कों पर जगह-जगह चेंबर और गड्ढों को बिना ढंके खुला छोड़ दिया गया है।**

ऐसे में बिना चेंबर के खुले पड़े गड्ढे हादसों को आमंत्रित कर रहे हैं। इससे न केवल सीसी सड़कों की सुंदरता खराब हो रही है बल्कि यह चेंबर कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।



उक्त समस्या का समाधान कराने स्थानीय लोग कई दिनों से नगर परिषद कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन सुनवाई नहीं होने से समस्या का हल नहीं हो रहा है। वार्ड क्रमांक 10 में निवासरत वार्ड वासियों ने बताया कि सीसी सड़क के बीच में बने चैंबर हमेशा ढंके रहने चाहिए। चैंबर कवर भी इस तरह डिजाइन किया हुआ होना चाहिए कि कवर लगने के बाद चैंबर और सड़क की ऊंचाई बराबर हो। ताकि ऊपर से गुजरने पर वाहन अनबैलेंस न हों। इसी क्रम में मजबूती भी इतनी रहनी चाहिए कि बड़ा वाहन गुजरने पर भी वह टूटे नहीं। लेकिन नगर परिषद की लापरवाही के चलते अधिकांश वार्डों में वाटर सप्लाई के बाल खोलने के लिए बनाये गए चैंबर खुले हैं।

इसके अलावा कई जगहों पर चैंबर के कवर ही टूट गए हैं। जिन्हें दोबारा कभी बनाया ही नहीं गया है। रात के समय कई बार बाइक व कार इन खुले चैंबर्स में गिरकर फंस रही है। ऐसे में वार्ड क्रमांक 10 रेंज मोहल्ला वासियों ने तत्काल इस पूरे मामले पर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। नगर में सीसी सड़कों पर जगह-जगह चैंबर और गड्ढों को बिना ढंके खुला छोड़ दिया गया है। ऐसे में बिना चेंबर के खुले पड़े गड्ढे हादसों को आमंत्रित कर रहे हैं।

### लोग हो रहे दुर्घटनाओं का शिकार

नगर परिषद पलेरा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 10 में निवासरत वार्ड वासियों ने बताया कि सीसी सड़क के बीच में बने चैंबर हमेशा ढंके रहने चाहिए। चैंबर कवर भी इस तरह डिजाइन किया हुआ होना चाहिए कि कवर लगने के बाद चैंबर और सड़क की ऊंचाई बराबर हो। ताकि ऊपर से गुजरने पर वाहन अनबैलेंस न हों। लोगों ने बताया कि इस समस्या के कारण आए दिन लोग दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समयावधि में परिवर्तन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिल मे मौसम के तापमान में हुई कमी के कारण आंगनवाडी केन्द्रों के संचालन समयावधि में आंशिक परिवर्तन करने का आदेश जारी कर दिया है. कलेक्टर श्री गुप्ता ने बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये 16 मार्च 2026 तक की अवधि के लिए आंगनवाडी केन्द्र की सेवाओं का समय प्रात: 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक आशिक परिवर्तन किया है. कलेक्टर के आदेश का हवाला देते हुए विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता लोढ़ा ने बताया कि आंगनवाडी कार्यकर्ता सहायिका आंगनवाडी केन्द्रों में प्रात 09 बजे से उपस्थित होकर सांय 04 बजे तक विभागीय गतिविधियों का कियान्वयन सुनिश्चित करेगी.